भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1845 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 02 अगस्त, 2024/11 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है

मल्टी-मॉडल पत्तनों का विकास

†1845. श्री वाई. एस. अविनाश रेड्डी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देश में मल्टी-मॉडल पत्तनों को विकसित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे मल्टी-मॉडल पत्तनों को विकसित करने के लिए तेलंगाना राज्य में किन्हीं स्थानों की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसके लिए अब तक कितनी धनराशि निर्धारित और जारी की गई है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): जी हां। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 19.06.2024 को आयोजित अपनी बैठक में 76,220 करोड़ रु. की कुल परियोजना लागत पर महाराष्ट्र में दहानु के निकट वधावन पर एक नए महापत्तन की स्थापना करने का अनुमोदन प्रदान किया है। इस पत्तन में प्रत्येक हज़ार (1000) मी. लंबे 9 कंटेनर टर्मिनल, 4 बहुउद्देशीय बर्थों सहित तटीय बर्थ, 4 तरल कार्गो बर्थें, एक रो-रो बर्थ और एक तट रक्षक बर्थ शामिल हैं। इस परियोजना से लगभग 23.2 मिलियन टीईयू (20 फुट के बराबर) की कंटेनर हैंडलिंग क्षमता सहित 298 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) प्रतिवर्ष की संचयी क्षमता का सृजन होगा।

(ख): जी नहीं।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****